न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बसिया (गुमला)।

धारा 107 दं0प्र0सं0

प्रथम पक्ष – श्रीमति निरावती देवी ......बगैरह ।

बनाम

द्वितीय पक्ष – संजय साहु ..... बगैरह।

वाद सं0 104/2022

आदेश की क0 सं0 एवं तिथि	दण्डाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई टिप्पणी
24/12/23	उक्त वाद की कार्रवाई थाना बसिया के अप्राथमिकी सं0 36/2022 दिनांक 06/08/2022 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है **प्रथम पक्ष** (1) श्रीमति निरावती देवी उम्र 52 वर्ष पति भुपेन्द्र सिंह ग्राम केदली थाना बसिया जिला गुमला **बनाम द्वितीय पक्ष** (1) संजय साहु उम्र 53 वर्ष (2) मोतीलाल साहु उम्र 37 वर्ष (3) कुलदीप साहु उम्र 30 वर्ष तीनो ग्राम केदली थाना बसिया जिला गुमला के बीच जमीन में खेती को लेकर विवाद है। फलस्वरूप उभय पक्षो के बीच शांति व्यवस्था भंग होने की संम्भावना को लेकर प्रतिवेदित किया गया है। तद्नुसार दं0प्र0सं0 की धारा 107 की कार्रवाई नियत तिथि एवं समय में कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं उभय पक्षो को कारण पृच्छा दाखिल करने हेतु नोटिस निर्गत किया । उभय पक्ष नोटिस प्राप्त कर न्यायालय में उपस्थित हुए :– उक्त वाद की कार्रवाई के दौरान द्वितीय उभय पक्ष के बीच किसी प्रकार से शांति भंग होने संबंधी सूचना थाना प्रभारी बसिया अन्य स्रोत्रो से अप्राप्त है। उक्त वाद की समय अवधि समाप्त हो चुकी हैं। अतः उभय पक्षों के बीच उक्त वाद की कार्रवाई के समय अवधि में किसी प्रकार की शांति भंग नहीं होने की सूचना अप्राप्त होने एवं वाद की कार्रवाई समाप्त होने के कारण उक्त वाद की कार्रवाई बिना गुण दोष के समाप्त की जाती है। लेखापित । अनुमण्डल दण्डाधिकारी बसिया (गुमला)। Digitally signed by SANJAY P.M. KUJUR Date: 2023.04.20 12:59:30 +05:30 Location: 192.168.123.239	